नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और इंडो-जर्मन एग्रीवोल्टाइक परियोजना मिलकर करेंगे काम

मोहन की मौजूदगी में हुआ अहम एमओयू, किसानों को होगा फायदा

प्रदेश में एग्री सौर पीवी के विकास में जर्मन कंपनी जीआईजेड करेगी सहयोग

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एग्री सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की मंशा पर एक और उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य सरकार के नवीन-नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना (आईजीसीए) के मध्य मंत्रालय में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। एग्री वोल्टाइक, कृषि और सौर ऊर्जा के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया एक संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ उसी खेत में ही सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करना है, जिससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता कम हो, खाद्य सुरक्षा बनी रहे और भूमि संबंधी विवादों से भी बचा जा सके।

इस काम में जर्मन कंपनी सरकार को सहयोग देगी। यह पहल पीएम-कुसुम 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के अनुरूप राज्य में विशिष्ट एग्रीवोल्टाइक ढांचा विकसित करने, किसानों की आय बढ़ाने, भूमि उपयोग दक्षता सुधारने, उत्पादित ऊर्जा की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा जलवायु-अनुकूल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी। यह एमओयू मई 2030 तक प्रभावी रहेगा। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड अमनवीर सिंह बैस, भारत में जर्मन दूतावास के पदाधिकारी, एग्री वोल्टाइक संगठन से एलेक्जेंडर, जर्मनी की जीआईजैड कंपनी के पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

एग्री सौर पीवी के तहत सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। इससे किसान अपनी जमीन के मालिकाना हकदार होंगे। किसान जमीन में खेती करेंगे और उसी खेत में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन कर अतिरिक्त आय भी अर्जित करेंगे। यह किसानों के लिए द्विलाभी सौगात होगी। राज्य सरकार और इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना के मध्य हुई इस परस्पर साझेदारी के अंतर्गत कंपनी द्वारा एग्रीवोल्टाइक परियोजनाओं की पहचान, तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन, डिजाइन, वित्तीय व्यवहार्यता और क्रियान्वयन में सहयोग किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, ऊर्जा विकासकर्ताओं, डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनीज (डिस्कॉम) एवं अन्य संबंधित हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कम्पनी द्वारा राज्य में कृषि उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को संरक्षित रखते हुए उपयुक्त नीतिगत एवं नियामक ढांचा विकसित करने में भी सहयोग किया जाएगा।

भोपाल में रेलवे के अत्याधुनिक जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने निशातपुरा स्थित नवनिर्मित मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीजेटीआई) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रथम बैच के लोको पायलट प्रमोशन कोर्स के 40 प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। महाप्रबंधक ने छात्रावास, मेस, क्लासरूम, प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम ब्लॉक तथा अन्य प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर रेलवे कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। दिलीप कुमार सिंह ने भोपाल-इटारसी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए रेल पथ, सिग्नलिंग प्रणाली, पुलों, समपार फाटकों, ओएचई तथा अन्य संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अनुरक्षण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा कर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए।

भोपाल से पटना और वाराणसी के लिए जल्द शुरू हो सकती है सीधी विमान सेवाः आलोक शर्मा

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा है कि राजधानी भोपाल से पटना और वाराणसी (बनारस) के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू कराने के प्रयास जल्द किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए बेहतर हवाई कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

राजाभोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'यात्री सुविधा दिवस' कार्यक्रम में सांसद शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए शुरू की गई नई सुविधाओं का अवलोकन किया और 'सहज काउंटर' का उद्घाटन किया। यह काउंटर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं और पहली बार हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को निःशुल्क सहायता प्रदान करेगा। कार्यक्रम में महापौर मालती राय भी मौजूद रहीं। सांसद शर्मा ने जनसुविधा केंद्र और वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। इस अवसर पर एयरपोर्ट प्रबंधन, एयरलाईंस और विमानन सेवाओं से जुड़े उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। स्वच्छता कर्मियों को भी उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में देश में लगभग 74 हवाई अड्डे संचालित थे, जबकि अब यह संख्या 160 से अधिक हो चुकी है। सरकार की नीतियों के कारण हवाई यात्रा आम लोगों के लिए अधिक सुलभ बनी है। उन्होंने कहा कि राजाभोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल, रनवे उन्नयन और 24 घंटे संचालन जैसी सुविधाओं के माध्यम से लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

गांधी मेडिकल कॉलेज में कैंसर विजेताओं का सम्मान

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के सर्जरी चिकित्सा विभाग द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता एवं कैंसर विजेताओं के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अनुराधा चौधरी द्वारा स्तन कैंसर उत्तरजीवी का स्वागत व सम्मान करने के साथ हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अधिष्ठाता (डीन) डॉ कविता एन सिंह , विशिष्ट अतिथि डॉ विजय वर्मा तथा विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद राइ की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर स्तन कैंसर को मात दे चुके उत्तरजीवी का सम्मान करते हुए उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को सलाम किया गया। उपस्थित चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्तन कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। समय पर जांच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा शुरुआती लक्षणों की पहचान से स्तन कैंसर का सफलतापूर्वक उपचार संभव है।

कार्यक्रम में गांधी मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों ने जागरूकता गीत के माध्यम से महिलाओं को स्तन स्व-परीक्षण तथा स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षणों एवं समय पर पहचान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

रामविलास बने राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

भोपाल । राजधानी के लालघाटी स्थित सुन्दरवन गार्डन में अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए रामविलास राठौर को 608 मत प्राप्त हुए, भोपाल के पार्षद मनोज राठौर को 603 मत एवं राजकुमार राठौर को 93 मत मिले। कड़े मुकाबले के बीच रामविलास राठौर 5 वोटो से विजयी घोषित किए गए। महामंत्री पद के लिए राजेंद्र भदौरिया कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में श्रीमती सीमा संजय सिंह राठौर विजयी हुई। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों एवं समाज जनों में उत्साह का माहौल देखा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास राठौर ने चुनाव को समाज की लोकतांत्रिक परंपरा का महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए समाज जनों से आशा व्यक्त की कि नया नेतृत्व समाज को को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्रीमद् भागवत कथा में देवकीनंदन ठाकुर के बयान चर्चा में, रात्रि विवाह पर दिया बड़ा संदेश

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

बावड़िया कला स्थित रुद्राक्ष किंगस्टन परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन प्रख्यात कथावाचक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के प्रवचन और विचार खासे चर्चा में रहे। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि बच्चों का विवाह रात्रि में नहीं करना चाहिए। उनके अनुसार रात्रि का समय दैत्य काल माना गया है, जबकि दिन का समय देव काल होता है। उन्होंने कहा कि विवाह जैसे मांगलिक कार्य दिन के समय ही किए जाने चाहिए।

महाराज ने पूजा-पाठ को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि विशेष पर्वों जैसे शिवरात्रि और नवरात्रि को छोड़कर रात्रि में पूजा से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल भीड़ के कारण मंदिर देर रात तक खोले जा रहे हैं, जो उचित नहीं है।कथा के तीसरे दिन कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और वामन अवतार के प्रसंग सुनाए गए। वामन अवतार की झांकी ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। कार्यक्रम में शालिग्राम-तुलसी जी का विधि-विधान से पूजन भी कराया गया, जिसमें आयोजक परिवार ने सपत्नीक भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि देवकीनंदन ठाकुर केवल भागवत कथा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का कार्य भी कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आयोजन की सराहना की और श्रद्धालुओं से कथा का लाभ लेने की अपील की। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की उपस्थिति में डबरा स्थित नवग्रह मंदिर की भव्यता की भी चर्चा हुई, जहां महाराज ने मंदिर निर्माण की सराहना की और उन्हें आशीर्वाद दिया। भोपाल की महापौर मालती राय सहित कई जनप्रतिनिधि कथा में शामिल हुए और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।कथा के महाराज जी ने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देना आवश्यक है, अन्यथा समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में गुरु का महत्व सर्वोपरि है और कर्म करते हुए फल भगवान पर छोड़ देना चाहिए। कथा के अगले दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग सुनाए जाएंगे।

बीएमएचआरसी में योग सप्ताह का शुभारंभ

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

आईसीएमआर-भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी), भोपाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग सप्ताह के प्रथम दिन संस्थान के सुरक्षा कर्मियों को योग अभ्यास से परिचित कराया गया तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान द्वारा निरंतर... 2026 अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को योग के महत्व, नियमित अभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभ तथा शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

योग प्रशिक्षक सुशील सिंह द्वारा सुरक्षा कर्मियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्हें बताया गया कि नियमित योग अभ्यास तनाव प्रबंधन, एकाग्रता बढ़ाने तथा कार्यक्षमता में सुधार लाने में सहायक होता है। विशेष रूप से सुरक्षा कर्मियों जैसे दायित्वपूर्ण कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए योग शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बंदियों की स्वास्थ्य जागरुकता के लिए जेल में शिविर

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में केन्द्रीय जेल भोपाल में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

प्रदेश व्यापी योग सप्ताह के प्रथम दिवस के सत्र का उद्घाटन मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष विवेक रुसिया, कृष्ण मूर्ति मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर, धरमिंदर सिंह रजिस्ट्रार जनरल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं कु. सुमन श्रीवास्तव सदस्य सचिव मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा ऑनलाइन माध्यम केन्द्रीय जेल जबलपुर से किया गया तथा बंदियो को योग प्रशिक्षक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्रीय जेल भोपाल के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री सुनीत अग्रवाल, न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियो को नियमित योग किये जाने एवं नियमित योग के फायदे एवं लाभकारी प्रभावों के बारे में बताया गया।

आम आदमी पार्टी ने शुरु की निकाय चुनावों की तैयारी

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए आम आदमी पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र जितेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए पार्टी त्रिस्तरीय चुनाव में लोगों को ईमानदार विकल्प देगी ।

भोपाल में आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी और पूर्व कानून मंत्री दिल्ली प्रदेश जितेन्द्र सिंह तोमर ने पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में ' कहा कि आम आदमी पार्टी त्रिस्तरिय चुनावों में लोगों को चौकाएगी। मध्यप्रदेश की जनता दो दलिय व्यवस्था से परेशान हो चुकी है और लोग अब एक अच्छा विकल्प चाहते है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर युवा कांग्रेस ने जताया विरोध

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस एवं भोपाल शहर जिला अध्यक्ष अमित खत्री के मार्गदर्शन में जिला महासचिव अनीस शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष नीरज यादव, महासचिव दर्शन कोरी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन रुडेले, भूपेंद्र मिश्रा, रिजूल सेन, सुजल सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

इस दौरान भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है और इससे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। अमित खत्री ने कहा कि युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप देगा।

भोपाल कमिश्नर संजीव कुमार ने भारत टॉकीज चौराहे का किया रात्रि निरीक्षण

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

राजधानी भोपाल में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से भोपाल कमिश्नर संजीव कुमार ने देर रात भारत टॉकीज चौराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने चौराहे पर यातायात प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था, रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा इंतजामों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने और पुलिस बल सक्रिय रूप से ड्यूटी पर तैनात रहे। उन्होंने रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात पुलिस को वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि शहर में रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए लगातार निरीक्षण और निगरानी अभियान चलाए जा रहे हैं।

टमाटर हुआ और लाल, कीमत छू रही आसमान

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

सब्जियों के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। शहर में टमाटर के भाव अचानक 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। हरी सब्जियों में भी तेजी का दौर जारी है। इसके साथ ही अदरक और लहसुन 150 से 200 रुपए के करीब बिक रहे हैं। करोंद मंडी स्थित थोक टमाटर विक्रेता राजेंद्र कुमार सैनी के अनुसार स्थानीय सब्जी मंडी में टमाटर की भरपूर आवक घटने लगी है। जिसके चलते टमाटर के भाव जेब पर भारी पड़ने लगा है।

टमाटर में यह तेजी अचानक से आई है। पिछले हफ्ते तक टमाटर 20 से 30 रुपए किलो था जो अब उछलकर से 40 से 60 रुपए किलो फुटकर में बिकने रहा है। थोक सब्जी कारोबारी मो.वसीम और मो.सलीम एकेएस के अनुसार आसपास के क्षेत्रों में इस सीजन के टमाटर की फसल समाप्त हो चुकी है, जिसका भी असर भाव में देखा जा रहा है। यही कारण है कि दक्षिण भारत से टमाटर की बड़ी खेप बुला रहे हैं।

मंडी में अब टमाटर महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे दूरदराज के राज्यों से आ रहे हैं। सब्जी कारोबारी मो.वसीम और मो.सलीम एकेएस के अनुसार आसपास के क्षेत्रों में इस सीजन के टमाटर की फसल समाप्त हो चुकी है, जिसका भी असर भाव में देखा जा रहा है। यही कारण है कि दक्षिण भारत से टमाटर की बड़ी खेप बुला रहे हैं।

मंडी में अब टमाटर महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे दूरदराज के राज्यों से आ रहे हैं। सब्जी की महंगाई टमाटर पर ही खत्म नहीं होती, लहसुन खुले बाजार में 150 से 200 रुपए किलो और अदरक120 से 150 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। जिस तरीके से टमाटर ने सीजन पर किसानों को धोखा दिया, इस साल लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार प्याज के दाम भी दिन-ब-दिन बढ़ना शुरू हो गए हैं, इस साल भी मानसून की दस्तक के साथ प्याज जल्दी खराब हो रही है। इसलिए ऐसा लगता है कि प्याज भी आसमान छू सकता है। बीते कुछ दिनों में टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, बैंगन और अन्य सब्जियों के दामों में अचानक आई तेजी ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, बारिश के कारण कई क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे मंडियों में आवक कम हुई है। आपूर्ति घटने और मांग बढ़ने के कारण कीमतों में उछाल आया है। गृहिणी संगीता का कहना है कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली सब्जियों के महंगे होने से घरेलू खर्च बढ़ गया है।

हाट-बाजार में सब्जियों के भाव

- आलू 20 से 25 रुपए
- प्याज 20 से 25 रुपए
- टमाटर 50 से 60 रुपए
- लहसुन 150 से 200 रुपए
- अदरक 120 से 150 रुपए
- भिंडी 40 से 50 रुपए
- बैंगन 30 से 40 रुपए
- लौकी 30 से 40 रुपए
- तोरई 40 से 50 रुपए
- हरी मिर्च 60 से 80 रुपए
- धनिया 60 से 80 रुपए
- पत्ता गोभी 30से40 रुपए
- फूल गोभी 40 से 60 रुपए
- पपमल 40 से 60 रुपए
- करहल 40 रुपए